# जनसुनवाई में ग्रामीणों ने उठाया पानी का मुद्दा

- 3 किमी दूर तालाब से पानी ला रहे लोग
- नल-जल योजना शुरू नहीं होने पर नाराजगी



**रायसेन, 12 मई.रायसेन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में गांवों से आए ग्रामीणों ने पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को उठाया.बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा को आवेदन सौंपकर इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की.**

ग्राम पंचायत पठारी के कुदवाई टोला और बंगाली टोला के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांवों में पानी का गंभीर संकट है. ग्रामीणों के अनुसार, एक हैंडपंप सूख चुका है, जबकि दूसरे से बहुत कम पानी निकल रहा है.इससे लोगों के साथ-साथ मवेशियों को भी पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने शिकायत की कि नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछा दी गई है, लेकिन योजना अभी तक शुरू नहीं हुई है.इस कारण उन्हें दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है.उन्होंने कलेक्टर से मौके की जांच कराकर जल्द नल-जल योजना शुरू करने और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की.वहीं, ग्राम रातातलाई टोला के ग्रामीण भी अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंचे.उन्होंने बताया कि गांव में पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है.गांव में न तो हैंडपंप है और न ही कुआं, जिसके कारण लोग लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित तालाब से पानी लाने को मजबूर हैं.ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की कि तालाब का गंदा पानी पीने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है.

### रातातलाई टोला में सड़क की हालत बेहद खराब

रातातलाई टोला के ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव तक पहुंचने वाली सड़क की हालत बेहद खराब है .सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती है .कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है .अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और पीएचई विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए .उन्होंने एक अधिकारी को ग्रामीणों के साथ मौके पर भेजकर समस्या का जायजा लेने के निर्देश भी दिए .ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने और सड़क निर्माण कराने की मांग दोहराई है .

### जनसुनवाई में आए 112 आवेदन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया .कलेक्टर जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया .कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देशित किया .जनसुनवाई में लगभग 122 आवेदन प्राप्त हुए .कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे .

# शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश



- कलेक्टर ने टीएल बैठक में में की योजनाओं की समीक्षा

**रायसेन, 12 मई. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन, विभागीय गतिविधियों तथा योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संतुष्टिपूर्ण निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए.**

साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए विभागवार सभी अधिकारियों को पोर्टल पर इंट्री करने को कहा. बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करे.उन्होंने तीन माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को शून्य करने का प्रयास करे.इस संबंध में कलेक्टर द्वारा प्रतिदिन सुबह 10 बजे जूम मीटिंग द्वारा समीक्षा भी कि जाएगी.

कलेक्टर ने पंचायतों में पांचवे वित्त आयोग की राशि से विश्राम घाटों का रख रखाव कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गांरटी पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण कर समय सीमा में लाभ प्रदान करे.जनगणना-2027 के कार्य में नक्शा संबंधी कार्य को पूर्ण कराकर सभी एसडीएम को फाइनल मैप तैयार कर चार्ज अधिकारी को सौंपने के निर्देश भी दिए.उन्होंने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल पर डिस्पोजल तथा जीरो पेंडेंसी वाले विकासखंड स्तरीय टीम को आगामी 15 अगस्त कार्यक्रम पर प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा.कलेक्टर विश्वकर्मा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा दौरान कहा कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व से ही सभी विद्यालयों में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था ठीक कराने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए.साथ ही ऐसे जर्जर भवनों है तो उनकी मरम्मत कराएं.अगर भवन खराब अवस्था में है तो नए भवन के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करवाएं.

# कोसाखेड़ी-खामखेड़ा जोड़ पर नहीं लगा संकेतक बोर्ड

**सलामतपुर, 12 मई. बेरखेड़ी चौराहा के पास कोसाखेड़ी खामखेड़ा जोड़ पर ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि खामखेड़ा तिराहे पर न तो कोई संकेतक बोर्ड है और न ही स्पीड ब्रेकर, जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं.**

ग्रामीणों के अनुसार खामखेड़ा तरफ से आने वाले वाहन सीधे हाईवे 18 पर चढ़ जाते हैं, जबकि भोपाल या विदिशा दिशा से आने वाले वाहन चालकों को तिराहा समझ ही नहीं आता. दृश्यता और संकेतों की कमी के चलते कई बार वाहन टकराव की स्थिति बन जाती है. लोगों ने प्रशासन से तुरंत सड़क सुरक्षा उपाय करने की मांग की है. या तो तिराहे पर स्पष्ट संकेत बोर्ड लगाए जाएं या फिर स्पीड ब्रेकर बनाकर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित की जाए, ताकि इस तिराहा पर होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लग सके.

# सड़क पर कचरा फेंकने वाले शोरूम पर 2500 का जुर्माना

- शहरवासियों को दिलाई सफाई की शपथ

**रायसेन, 12 मई. नगर पालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर को साफ और सुंदर बनाने का अभियान तेज कर दिया है.मंगलवार सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव के नेतृत्व में एक टीम ने विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वालों पर सीधे कार्रवाई की.**

निरीक्षण के दौरान सुबह करीब 9:30 बजे मुख्य मार्ग स्थित होंडा शोरूम के सामने



कर्मचारियों द्वारा सड़क पर बड़ी मात्रा में कचरा फेंका हुआ मिला.इस लापरवाही पर नगर पालिका टीम ने तत्काल 2500 रुपए का जुर्माना वसूल किया.साथ ही प्रबंधन को सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर 10 हजार रुपए का दंड लगाया जाएगा।

कार्रवाई के अलावा टीम ने श्रीजी कॉलोनी गेट क्षेत्र के निवासियों को नालियों की बजाय निर्धारित स्थान पर ही कचरा फेंकने की समझाइश दी.सीएमओ ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए 'स्वच्छ रायसेन, सुंदर रायसेन' की शपथ भी दिलाई और शहर को बेहतर बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की.

# 14 मई को बिजली कंपनी का समाधान शिविर लगेगा

- मौके पर ही किया जाएगा समस्याओं का निराकरण

**बेगमगंज , 12 मई. मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर एक विशेष शिविर ग्रिाम मरखंडी में 14 मई को आयोजित किया गया है. शिविर में मौके पर ही बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा.**

जेई नीरज गुप्ता ने बताया कि उपभोक्ताओं को शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारी के साथ तत्काल मौके पर बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा. उपभोक्ताओं को सिंचाई पंप एवं घरेलू संबंधी कनेक्शन दिया जाएगा. साथ ही नए विद्युत कनेक्शन तत्काल लगाए जाएंगे.

इसके अतिरिक्त विद्युत बिल, लो वोल्टेज, और खेतों एवं घरों के आसपास नीचे लटकती लाइन से संबंधित समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा.

## वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की बैठक हुई

**रायसेन, 12 मई.** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंर्तविभागीय समन्वय बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई.

बैठक में वैक्टर जनित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया आदि के लक्षण और उनके नियंत्रण तथा बचाव हेतु किए जा रहे कार्यो की विस्तार से जानकारी दी गई.

बैठक में सीएमएचओ दिनेश खत्री तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रियम्बदा गुप्ता ने बताया कि शासकीय चिकित्सालयों में वेक्टर जनित रोगों की जांच और उपचार की सुविधा निशुल्क दी जा रही है.

# चुनाव में 80 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**बेगमगंज, 12 मई. मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल की नई कार्यकारिणी के लिए मंगलवार को न्यायालय परिसर में मतदान हुआ.बेगमगंज बार एसोसिएशन के 95 अधिवक्ता मतदाताओं में से 80 अधिवक्ताओं ने मतदान में भाग लिया. स्टेट बार काउंसिल की 25 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए पूरे प्रदेश से 122 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है.प्रदेश में 87441 वैध मतदाता और 244 वोटिंग सेंटर हैं.**

कार्यकारिणी में 18 पुरुष एवं 5 महिला उम्मीदवारों का चयन होगा जबकि दो महिलाओं को





बाद में ऑप्शन के जरिए मनोनीत किया जाएगा. मतदान संपन कराने के लिए तैनात न्यायालीन कर्मचारियों में लिपिक जाहिद खान , संतोष विश्वकर्मा द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया गया. जबकि लिपिक जितेंद्र पंथी एवं अलका ऊके की देखरेख में मतदान हुआ. इसके अतिरिक्त राकेश सेन , रमेश यादव की भी ड्यूटी लगी थी. वहीं स्वास्थ्य विभाग के अमले तैनात कर्मचारियों फार्मासिस्ट सुनील कुमार , एएनएम तारा वर्मा , ऊषा कार्यकर्ता रश्मि साहू , रीता रैकवार सहित सुरक्षा की दृष्टि से आरक्षक राहुल मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई थी.

## हरसिली में कल लगेगा बिजली शिविर

**बाड़ी, 12 मई**. म.प्र.मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 14 मई को ग्राम हरसिली में शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसमें विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जाएगा. विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक अनुराग सिन्हा ने बताया पंचायत भवन में प्रात: 10 बजे से आयोजित इस शिविर में बिल सुधार, नाम परिवर्तन, ईकेवायसी, एन .ओ.सी. ,मीटर, केबल, संबंधी शिकायतें, ट्रांसफार्मर से संबंधी शिकायतों व समस्याओं ,बकाया राशि,बिजली बिल त्रटि में सुधार, किया जाएगा.

# पुलिस लाइन में आज शाम होगा मॉक ड्रिल

- हवाई हमलों के दौरान सुरक्षात्मक कार्यवाही का पूर्वाभ्यास

**रायसेन, 12 मई. जिला प्रशासन एवं होमगार्ड आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 13 मई को हवाई हमलों के दौरान की जाने वाली सुरक्षात्मक कार्यवाही का पूर्वाभ्यास मॉक ड्रिल किया जाएगा.यह अभ्यास पुलिस लाइन परिसर रायसेन में रात्रि 07:35 बजे आयोजित होगा.**

इस मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य युद्ध जैसी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन, आपदा प्रबंधन टीम और आम नागरिकों की तत्परता को जांचना है.

प्रतीकात्मक ब्लैक आउट अभ्यास के दौरान प्रतीकात्मक रूप से ब्लैक आउट की कार्यवाही की जाएगी.जिसमें बिजली बंद कर अंधेरा रखा जाता है ताकि हवाई हमले के समय शहर की पहचान छुपाई जा सके.इसके साथ ही बचाव कार्य का प्रदर्शन, हमले के दौरान घायल व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना, मलबे से रेस्क्यू करना और प्राथमिक उपचार देने का सजीव चित्रण किया जाएगा.

आम नागरिकों को यह सिखाना कि आपातकाल में सायरन बजने पर उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं.साथ ही जिसमें जिला प्रशासन, होमगार्ड एवं आपदा प्रबंधन, पुलिस, चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य स्थानीय निकाय का समन्वय रहेगा. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक प्रतीकात्मक अभ्यास मॉक ड्रिल है.पुलिस लाइन परिसर और आसपास के नागरिक सायरन की आवाज या भारी हलचल देखकर घबराएं नहीं. नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है.

इस मॉक ड्रिल के माध्यम से हमारी टीमें अपनी प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक मजबूत करेंगी।

# कर्मचारियों के बारे में नहीं है जानकारी

- शाखा डाकघरों में फर्नीचर हुआ कबाड़

**बाड़ी, 12 मई.** आमजन के पते ढूंढ कर उन तक पत्र पहुंचाने वाले डाक विभाग को अपने ही विभाग के कार्यालयों एवं कर्मचारियों के बारे में पता नहीं है. आर.टी.आई.में प्रदत्त प्रतिउत्तर में यह जानकारी सामने आई है. विदिशा संभाग के डाक अधीक्षक ने प्रेषित जानकारी में लेख किया है कि बाड़ी उप डाकघर से संबंद्ध शाखा डाकघरों में कार्यरत शाखा डाकपाल एवं सहायक शाखा डाकपाल पूर्णकालिक कर्मचारी है या फिर अल्पकालिक, यह अस्पष्ट है. इसके अतिरिक्त शाखा डाकघरों को विभाग की ओर से प्रदान की जाने वाली सुविधाऐं भी अस्पष्ट है. मौजूदा समय में उप डाकघर बाड़ी से संबंद्ध 15 शाखा डाकघर संचालित हैं, इनमें 14 शाखा डाकपाल और 13 सहायक डाकपाल कार्यरत है. एक डाकपाल और चार सहायक डाकपाल के पद रिक्त है. प्रत्येक शाखा डाकघर में 3 से लेकर 5 गांवों को सम्मिलित किया गया है. कई शाखा डाकघरों के नाम पर न तो कार्यालय हैं और न ही फर्नीचार है. दस्तावेजों को सुरक्षित रखने अलमारियां भी खराब हो गई हैं.

## सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन 15 मई तक

**रायसेन, 12 मई.** रायसेन जिले में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के तहत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए उन्नतशील कृषकों से 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं.जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 25 हजार रुपए, विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है.

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

- चालक ट्रक मौके छोड़कर हुआ फरार

**सलामतपुर, 12 मई.** भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. बेरखेड़ी चौराहा के पास कोसाखेड़ी जोड़ पर विदिशा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में



बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए विदिशा रेफर कर दिया गया. घायलों की पहचान अंकित मोगिया पिता तोरण सिंह मोगिया निवासी अंबाडी तथा जितेंद्र प्रजापति पिता कन्हैया लाल प्रजापति के रूप में हुई है. हादसे की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया.पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है.

आस्था | पहाड़ के ऊपर गुफा में है शंकरजी का मंदिर

# गीदगड़ गांव में कुंड का पानी कभी खत्म नहीं होता

अदनान खान

**सलामतपुर,12 मई. चमत्कार को पूरी दुनिया नमस्कार करती है और ऐसे ही एक चमत्कार के बारे में हम आपको बताने जा रहे है, जो रायसेन जिले से जुड़ा हुआ है. जहां 44 डिग्री तापमान में नदी नाले बोरवेल सूख चुके हैं वहीं सांची जनपद के गीदगढ़ गांव में गुफा मंदिर के पास एक प्राचीन कुंड है जिसमें कभी पानी खत्म नहीं होता और ऐसी भीषण गर्मी में भी पानी मौजूद है,जो लोगों की प्यास बुझा रहा है, जिसका पानी पीकर लोगों को काफी सुकून मिलता है और यह पानी कभी नहीं सूखता.**



यहां की प्रचलित मान्यताओं के अनुसार यहां एक छोटा सा कुंड हैं, जिससे एक अनोखा ही चमत्कार की गाथा जुड़ी हुई है.जिसका न तो अब तक कोई जवाब मिला है.और न ही उसके सामने कोई तर्क टिक पाता है.दरअसल घने जंगल के बीच पहाड़ी किनारे बने इस छोटे से कुंड की खास बात यह है कि इसका पानी कभी सूखता नहीं है.चाहे इसमें से कितना भी पानी निकाला जाए या फिर कितना भी गर्म मौसम हो.यहां के स्थानीय लोगों का तो कहना है कि गर्मी के मौसम में चाहे गांव में पूरे ट्यूबवेल और कुएं सूख जाएं.लेकिन इस कुंड का पानी कभी भी नहीं सूखता.

### यह है मान्यता

यही कारण है कि यह कुंड वर्तमान समय में लोगों की आस्था का विषय बन हुआ है . इस कुंड का पानी कभी खत्म क्यों नहीं होता, इसके पीछे एक विशेष मान्यता है . दरअसल इस कुंड से ऊपर पहाड़ पर एक गुफा है .गुफा के अंदर शंकर जी का एक प्राचीन मंदिर है . कई साल पहले इस मंदिर में एक मौनी बाबा रहते थे . जो कई किलोमीटर दूर जाकर नर्मदा से पानी लाते थे और भगवान शंकर को नहलाते थे . भगवान भोले एक दिन उनकी इस तपस्या से प्रसन्न हुए और बाबा की सहूलियत के लिए भगवान के आशीर्वाद से यहां पर यह कुंड प्रकट हो गया .यह भी कहा जाता है कि यह कुंड का कनेक्शन नर्मदा जी से है कुंड में पानी नर्मदा जी से आता है .मंदिर में रहने वाले पुजारी चरणदास बताते हैं कि मैं 27 साल से यहां पर हूं . मैंने आज तक इस कुंड को कभी खाली नहीं देखा है .प्राचीन और प्राकृतिक कुंड की सच्चाई क्या है, यह तो शोध का विषय है .लेकिन इस चमत्कार से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता,जो सैंकड़ों सालों से लोगों के आश्चर्य का विषय बना हुआ है .

## ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**रायसेन, 12 मई.** रायसेन जिले के देवरी में नेशनल हाईवे-45 पर सड़क हादसा हो गया.पानी प्लांट दलसा दादा मंदिर के पास रेत से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी.हादसे में बाइक सवार गोरखपुर निवासी 25 वर्षीय मुकेश नोरिया की मौके पर ही मौत हो गई. बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.

प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया है. मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया.पुलिस ने रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है.पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# भोपाल-विदिशा हाईवे पर हो रही है अवैध शराब की बिक्री

**सलामतपुर, 12 मई.भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे पर सलामतपुर थाना क्षेत्र से लगी हुई भोपाल बॉर्डर सीमा पर खुलेआम अवैध शराब बिक्री चल रही है. हाइवे के नजदीक ही हरी नेट की जाली बांधकर टीन शेड में सुरा प्रेमियों को आसानी के साथ शराब परोसी जा रही है.**

यहां पर आए शराबियों की वजह से राहगीर परेशान हैं. यह शराबी सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर के शराब पीते हैं. इससे आने जाने वाले यात्रियों की परेशानी होती है. जानकारी अनुसार यह अहाता काका ढाबा के पास बिना लाइसेंस के शराब दुकान खुलेआम संचालित हो रही है. बताया जा रहा है कि



सूखीसेवनिया शराब ठेकेदार यहां पर कम दामों में शराब बिकवा रहा है. इसी वजह से यहां पर आसपास गांवों से बड़ी संख्या में शराब पीने लोग पहुंच रहे हैं. लेकिन मेन हाइवे से लग कर ही इस तरह से अवैध शराब खुलेआम बेचना और अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नही करना जांच का विषय है.राहगीरों और यात्रियों ने शासन प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है.